


# हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 17, जमशेदजी टाटा रोड, मुंबई - 400020

सीआईएन नं.: L23201MH1952GOI008858

# हमारे बारे में


हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का गठन 15 जुलाई 1974 को हुआ था। एचपीसीएल एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसई) है, जिसकी 2023-24 के दौरान वार्षिक सकल बिक्री 4,59,815 करोड़ रुपए है।

वर्ष 2023-24 में, एचपीसीएल ने 46.8 एमएमटी की अपनी उच्चतम बिक्री मात्रा हासिल की और रिकॉर्ड 22.3 मिलियन टन कच्चे तेल की प्रोसेसिंग की, जिससे 103% रिफाइनरी क्षमता उपयोग प्राप्त हुआ। कंपनी ने इस अवधि के दौरान 25.8 एमएमटी का अपना अब तक का उच्चतम पाइपलाइन थ्रूपुट भी दर्ज किया। एचपीसीएल के पास भारत में लगभग 20.29% बाजार हिस्सेदारी है और यह देश में पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग और विपणन में अग्रणी कंपनी है। इसके अतिरिक्त, एचपीसीएल ने 2023-24 में 14,694 करोड़ रुपए का सबसे अधिक पृथक कर पश्चात् लाभ (पीएटी) दर्ज किया।

एचपीसीएल के पास मुंबई और विशाखापत्तनम में क्रमशः 9.5 एमएमटीपीए और 13.7 एमएमटी प्रतिवर्ष की क्षमता वाली रिफाइनरियों का स्वामित्व है एवं वह इसका परिचालन करता है। एचपीसीएल क पास मुंबई में स्थित देश की सबसे बड़ी ल्यूब रिफाइनरी का भी स्वामित्व है, जो 428 टीएमटी प्रतिवर्ष की क्षमता के साथ ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक का उत्पादन करती है। एचपीसीएल की एचएमईएल नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी में 48.99% इक्विटी हिस्सेदारी है, जो पंजाब में 11.3 एमएमटीपीए क्षमता की रिफाइनरी का संचालन करती है और एमआरपीएल में भी 16.96% की इक्विटी हिस्सेदारी है, जो कर्नाटक में 15 एमएमटीपीए क्षमता वाली रिफाइनरी का संचालन करती है।

एचपीसीएल के पास एक विशाल विपणन नेटवर्क है जिसमें प्रमुख शहरों में 19 अंचल कार्यालय और 145 क्षेत्रीय कार्यालय शामिल हैं, जिसमें 43 टर्मिनल/ स्थापनाएं/ टैप ऑफ पॉइंट्स, 55 विमानन सर्विस स्टेशन, 56 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, 5 ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट, ल्यूब डिपो सहित 77 डिपो शामिल हैं। ग्राहक संपर्क बिंदुओं में 22,050 रिटेल आउटलेट, 1,638 एसकेओ/ एलडीओ डीलर, औद्योगिक ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर सहित 273 ल्यूब डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेल आउटलेट पर 1,705 सीएनजी सुविधाएं, 3,661 ईवी चार्जिंग स्टेशन, 817 डोर-टू-डोर डिलीवरी डिस्पेंसर और अप्रैल 2024 तक 9.63 करोड़ से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं के ग्राहक आधार सहित 6,353 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप शामिल हैं।


एचपीसीएल के पास भारत में दूसरा सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन नेटवर्क है जिसकी नेटवर्क लंबाई 5,134 कि.मी. है। एचपीसीएल अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मैसर्स प्राइज पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (पीपीसीएल) के माध्यम से हाइड्रोकार्बन का अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) करता है। एचपीसीएल 20 संयुक्त उद्यमों तथा तेल और गैस मूल्य श्रृंखला में काम करने वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से भी कारोबार करता है।



बेंगलुरु में 'एचपी ग्रीन अनुसंधान एवं विकास सेंटर' नाम से इसका एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है। केंद्र रिफाइनरियों और विपणन एसबीयू को प्रचालन सुधार, नई प्रौद्योगिकियों को अवशोषित करने, नवीन और अग्रणी प्रौद्योगिकियों को विकसित करने, प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस देने और एक ज्ञान केंद्र बनने के लिए उन्नत तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

एचपीसीएल का मानना है कि पर्यावरणीय स्थिरता हमारे ग्रह के स्वास्थ्य, वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों की भलाई और पर्यावरण प्रणाली और जैव विविधता के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य के लिए, एचपीसीएल ने अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा दक्षता में सुधार करने, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में विभिन्न पहल शुरू की हैं। एचपीसीएल ने 2040 तक स्कोप 1 और 2 में नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य की भी घोषणा की है। कंपनी ट्रिपल बॉटम लाइन फ्रेमवर्क पर समान रूप से ध्यान दे रही है, जिसमें अधिक व्यावसायिक मूल्य बनाने के लिए वित्तीय, सामाजिक और पर्यावरणीय पहलू शामिल हैं।

एचपीसीएल अपने कारोबार को इस तरह से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके, संधारणीय विकास को बढ़ावा दिया जा सके एवं सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित किया जा सके तथा अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। एचपीसीएल का सीएसआर सामाजिक विकास के प्रति कॉर्पोरेशन की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इसकी सीएसआर पहलों के मुख्य फोकस क्षेत्रों में बाल देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, खेल, पर्यावरण और सामुदायिक विकास, और इनक्यूबेटर/ अनुसंधान एवं विकास और सार्वजनिक वित्त-पोषित विश्वविद्यालयों में योगदान शामिल हैं।




एचपीसीएल ऊर्जा क्षेत्र में आकर्षक कैरियर के अवसरों की तलाश कर रहे प्रतिभाशाली और प्रेरित उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है जो हमारी विकास यात्रा का हिस्सा बनकर भारत के ऊर्जा भविष्य में योगदान करने के इच्छुक हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार निम्नलिखित रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।


| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि: 5 जून, 2024 | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 20 जुलाई, 2024 |

**POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT**


| क्र.सं. | पद | वेतनमान | रिक्तियां | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएं | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक - अनुसंधान एवं विकास | (120000-280000) | 1 | 51 | विश्लेषणात्मक/ कार्बनिक/ भौतिक रसायन विज्ञान में पीएचडी/ रासायनिक इंजीनियरिंग या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी | 18 |
| 2 | महाप्रबंधक-अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र: ल्यूब अनुसंधान | (120000-280000) | 1 | 51 | रसायन विज्ञान/ कार्बनिक रसायन विज्ञान/भौतिक रसायन विज्ञान/ अकार्बनिक रसायन विज्ञान/ ट्राइबोलॉजी या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी | 18 |
| 3 | उप महाप्रबंधक-विश्लेषणात्मक | (120000-280000) | 1 | 48 | विश्लेषणात्मक/ कार्बनिक/ भौतिक रसायन विज्ञान या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 15 |



| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | पद | वेतनमान | रिक्तियां | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएं | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
| 4 | मुख्य प्रबंधक/ उप महाप्रबंधक-सौर ऊर्जा | (100000-260000)/ (120000-280000) | 1 | 45/48 | भौतिकी / रसायन विज्ञान / नवीकरणीय ऊर्जा / ऊर्जा या रासायनिक / ऊर्जा विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 12/15 |
| | | | | 42/45 | मैकेनिकल/ ऊर्जा/ रासायनिक इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 15/18 |
| 5 | वरिष्ठ प्रबंधक/ मुख्य प्रबंधक-दहन अनुसंधान | (90000-240000)/ (100000-260000) | 1 | 42/45 | दहन एवं उत्सर्जन/ यांत्रिक/ तापीय इंजीनियरिंग या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 09/12 |
| | | | | 39/42 | दहन एवं उत्सर्जन/ मैकेनिकल/ थर्मल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 12/15 |
| 6 | वरिष्ठ प्रबंधक-उन्नत तकनीकी सेवाएँ | (90000-240000) | 1 | 39 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 12 |
| 7 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-बॉयो प्रोसेस | (70000-200000)/ (80000-220000) | 1 | 36/39 | माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटेक्नोलॉजी/ केमिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी. | 03/06 |
| | | | | 33/36 | बायो टेक्नोलॉजी में एम.टेक | 06/09 |




| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | पद | वेतनमान | रिक्तियां | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएं | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
| 8 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-हाइड्रोजन | (70000-200000)/ (80000-220000) | 2 | 36/39 | रासायनिक इंजीनियरिंग/ सोलिड स्टेट रसायन विज्ञान/ रसायन विज्ञान/ भौतिकी/ मैटेरियल साइंस या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 03/06 |
| | | | | 33/36 | केमिकल/ इलेक्ट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 06/09 |
| 9 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-नोवल सेपरेशन्स | (60000-180000)/ (70000-200000) | 2 | 30/33 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 03/06 |
| 10 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-उन्नत तकनीकी सेवाएँ | (70000-200000)/ (80000-220000) | 2 | 33/36 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 06/09 |
| 11 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-कैटेलिस्ट स्केल अप | (70000-200000)/ (80000-220000) | 3 | 33/36 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 06/09 |
| 12 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-विश्लेषणात्मक | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | विश्लेषणात्मक/ कार्बनिक/ भौतिक रसायन विज्ञान या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 0/3 |




| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पद** | **वेतनमान** | **रिक्तियां** | **अधिकतम आयु (वर्ष)** | **अनिवार्य योग्यताएं** | **न्यूनतम अनुभव (वर्ष)** |
| 13 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक- बिटुमेन अनुसंधान | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | रासायनिक इंजीनियरिंग/ कार्बनिक रसायन विज्ञान या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 0/3 |
| | | | | 30/33 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 3/6 |
| 14 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-दहन अनुसंधान | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | दहन एवं उत्सर्जन/ यांत्रिक/ तापीय इंजीनियरिंग या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 0/3 |
| | | | | 30/33 | दहन एवं उत्सर्जन/ मैकेनिकल/ थर्मल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 03/06 |
| 15 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-जल अनुसंधान | (70000-200000)/ (80000-220000) | 1 | 36/39 | रासायनिक इंजीनियरिंग/ रसायन विज्ञान/ पर्यावरण इंजीनियरिंग या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 03/06 |
| | | | | 33/36 | रासायनिक/ पर्यावरण इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 06/09 |

| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पद** | **वेतनमान** | **रिक्तियां** | **अधिकतम आयु (वर्ष)** | **अनिवार्य योग्यताएं** | **न्यूनतम अनुभव (वर्ष)** |
| 16 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-सौर ऊर्जा | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | भौतिकी/ रसायन विज्ञान/ नवीकरणीय ऊर्जा/ ऊर्जा या रासायनिक/ ऊर्जा विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 0/3 |
| | | | | 30/33 | मैकेनिकल/ ऊर्जा/ रासायनिक इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक. | 03/06 |
| 17 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-पेट्रोकेमिकल | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 30/33 | पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग में एम.टेक. | 03/06 |
| 18 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक पॉलिमर कैटेलिसिस | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | पॉलिमर/ पेट्रोकेमिकल्स/ मैटेरियल साइंस/ पॉलीओलेफिन/ ऑर्गेनिक केमिस्ट्री या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी. | 0/3 |
| 19 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-कैटेलिसिस | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 33/36 | रसायन विज्ञान में पीएचडी. (कैटेलिसिस/ मेटिरियल्स/ केमिकल इंजीनियरिंग)। | 0/3 |
| | | | | 30/33 | केमिकल इंजीनियरिंग में एम.ई./ एम.टेक . | 03/06 |



| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पद** | **वेतनमान** | **रिक्तियां** | **अधिकतम आयु (वर्ष)** | **अनिवार्य योग्यताएं** | **न्यूनतम अनुभव (वर्ष)** |
| 20 | वरिष्ठ अधिकारी/ सहायक प्रबंधक-बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ | (60000-180000)/ (70000-200000) | 1 | 30/33 | केमिकल/ मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक या एमई/ एमटेक या एमएससी रसायन विज्ञान<br>और<br>भारतीय पेटेंट कार्यालय या यूएसपीटीओ और ईपीओ जैसे किसी अन्य पेटेंट कार्यालय के साथ पंजीकृत पेटेंट एजेंट। | 03/06 |
| 21 | सहायक प्रबंधक/ प्रबंधक-ल्यूब (ऑटोमोटिव ल्यूब/ औद्योगिक ल्यूब/ विशेष ल्यूब/ ग्रीस) | (70000-200000)/ (80000-220000) | 2 | 36/39 | पीएच.डी. (विश्लेषणात्मक/ कार्बनिक/ अकार्बनिक/ भौतिक/ ट्राइबोकेमिस्ट्री) या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्र | 03/06 |
| | | | | 33/36 | केमिकल इंजीनियरिंग/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ ऑयल टेक्नोलॉजी/ लुब्रिकेंट्स टेक्नोलॉजी/ ग्रीस टेक्नोलॉजी में एम.टेक | 06/09 |



| POSITIONS, ELIGIBILITY CRITERIA AND VACANCY SNAPSHOT | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | पद | वेतनमान | रिक्तियां | अधिकतम आयु (वर्ष) | अनिवार्य योग्यताएं | न्यूनतम अनुभव (वर्ष) |
| 22 | वरिष्ठ अधिकारी- ल्यूब अनुसंधान (ऑटोमोटिव ल्यूब/ औद्योगिक ल्यूब/ विशेष ल्यूब/ ग्रीस) | (60000-180000) | 2 | 33 | रसायन विज्ञान में पीएचडी. (विश्लेषणात्मक/ कार्बनिक/ अकार्बनिक/ भौतिक/ ट्राइबोकेमिस्ट्री) या रासायनिक विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्र | 0 |
| | | | | 30 | केमिकल इंजीनियरिंग/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ ऑयल टेक्नोलॉजी/ लुब्रिकेंट्स टेक्नोलॉजी/ ग्रीस टेक्नोलॉजी में एम.टेक | 03 |

# कार्य विवरण


| | |
|---|---|
| **1.** | **पद : महाप्रबंधक- आर एंड डी- वेतनमान ('120000-280000')** |

**कार्य अनुभव:**

कार्य अनुभव मुख्य रूप से रसायन विज्ञान और उत्पाद विकास के क्षेत्र में होना चाहिए। इसके अलावा, कच्चे तेल और ईंधन अनुसंधान, संक्षारण अनुसंधान और उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कार्य का विवरण:**

- रासायनिक विज्ञान, विश्लेषणात्मक पद्धति, उत्पाद विकास, कच्चे तेल एवं ईंधन अनुसंधान, और संक्षारण अनुसंधान में विशेषज्ञता वाले उच्च योग्य पेशेवरों की एक विविध टीम का नेतृत्व करना।
- तत्व विश्लेषण, स्पेक्ट्रोस्कोपी और क्रोमैटोग्राफी जैसी अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों का उपयोग करते हुए कच्चे तेल और संबंधित पेट्रोलियम उत्पादों की उन्नत जांच और लक्षण-निर्धारण का पर्यवेक्षण करना।
- उन्नत रासायनिक तकनीकों के माध्यम से नए उत्पादों, ईंधन योजकों और प्रक्रिया संवर्द्धन रसायनों के विकास को आगे बढ़ाना।




| | |
|---|---|
| | • विभिन्न कच्चे तेलों, उनके गुणों, अनुकूलताओं के बारे में उन्नत समझ विकसित करना तथा कच्चे तेल की खरीद, भंडारण, परिवहन और प्रोसेसिंग में सुधार के लिए महत्वपूर्ण गहरी समझ प्रदान करना।<br>• रिफाइनरियों, पाइपलाइनों से लेकर वितरण और बिक्री तक संचालन के सभी पहलुओं में संक्षारण के प्रभाव को कम करने के लिए संक्षारण रसायन विज्ञान में अनुसंधान पहल का नेतृत्व करना।<br>• संबद्ध अनुसंधान पहलों को समर्थन देने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषणात्मक डेटा की आपूर्ति सुनिश्चित करना।<br>• समस्या निवारण और अनुकूलन के लिए प्रचालन संयंत्रों को विशेषज्ञ तकनीकी सहायता प्रदान करना, तथा अनुसंधान निष्कर्षों का निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करना।<br>• टीम के सदस्यों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करना, समय पर परियोजना का पूरा करना और उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए परियोजना की प्रगति की निगरानी करना। |
| **2.** | **पद: महाप्रबंधक – सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ल्यूब्स रिसर्च, वेतनमान ('120000-280000')** |
| | **कार्य अनुभव :**<br>कार्य अनुभव मुख्य रूप से ऑटोमोटिव, औद्योगिक, विशेषता, धातुकर्म तरल पदार्थ, समुद्री लूब्रिकेंटों और विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए ग्रीस को कवर करने वाले लूब्रिकेंटों के अनुसंधान, विकास और मूल्यांकन के क्षेत्रों में होना चाहिए। लूब्रिकेंटों के रखरखाव/ ग्रीस उत्पाद परीक्षण करने का अनुभव और ओईएम/ ग्राहकों से अनुमोदन लेना। लूब्रिकेंट और ग्रीस के मूल्यांकन के लिए उपयोग किए जाने वाले उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों और परीक्षण रिग के रखरखाव/ संचालन में पारंगत होना चाहिए।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए लूब्रिकेंटों और ग्रीसों के अनुसंधान, विकास और मूल्यांकन में विशेषज्ञता रखने वाले अत्यधिक योग्य और अनुभवी पेशेवरों की एक विविध टीम का नेतृत्व करना।<br>• उद्योग और ओईएम विनिर्देशों सहित समग्र लूब्रिकेंट उद्योग परिदृश्य का अच्छा ज्ञान और समझ होना तथा वे बाजार में होने वाले परिवर्तनों से किस प्रकार निपट रहे हैं।<br>• लूब्रिकेशन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न परीक्षण विधियों जैसे एएसटीएम, बीआईएस, डीआईएन, जेआईएस, जेएएसओ, आईपी, आईएसओ आदि, तथा उद्योग के भीतर अन्य अनुकूलित विधियों का कुशल ज्ञान और समझ होना।<br>• लूब्रिकेंटों/ ग्रीस के विकास के लिए प्रयुक्त योजक प्रौद्योगिकियों और घटकों के रसायन विज्ञान में विशद ज्ञान होना।<br>• बाजार की आवश्यकता के अनुसार नए उत्पादों के विकास को प्रोत्साहित करना तथा लूब्रिकेंटों और ग्रीस के क्षेत्र में भावी आवश्यकताओं के लिए अनुसंधान पहलों का नेतृत्व करना, जिसमें स्थायी/ बायोडिग्रेडेबल लूब्रिकेंट/ धातु कार्य द्रव/ नवीन लूब्रिकेंट योजक/ ऊर्जा कुशल लूब्रिकेंट/ विमानन सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सिंथेटिक लूब्रिकेंट/ ईवी के लिए लूब्रिकेंट/ एच2आईसीई प्रौद्योगिकी आदि शामिल हैं। |

| | |
|---|---|
| | • लूब्रिकेंट उत्पादों की उन्नत जांच और लक्षण वर्णन का पर्यवेक्षण करना, जिसमें अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक तकनीकों जैसे तत्व विश्लेषण के लिए आईसीपी-ओईएस/ ईडी-एक्सआरएफ/ डब्ल्यूडी-एक्सआरएफ/ एक्सआरडी/ एसईएम/ एक्सपीएस/ एचपीएलसी/ जीसी/ आईसी/ ऑटो टाइट्रेशन/ टीजीए/ डीएससी/ पीडीएससी/ यूवीएफ/ केमिल्यूमिनेसेंस आदि और ट्रिबोलॉजिकल तकनीक जैसे फोर बॉल टेस्टर/ केआरएल शियर स्टेबिलिटी/ एसआरवी/ टैपिंग टॉर्क/ एमटीएम/ ईएचडी/ फ्रेटिंग वियर टेस्ट रिग/ रीचर्ट टेस्ट रिग, एसएई नंबर 2, आदि का उपयोग किया जाता है। ल्यूब और ग्रीस के क्षेत्र में और परिणामों की व्याख्या करना।<br>• विनिर्देशों को पूरा करने, ल्यूब और ग्रीस आदि के अनुप्रयोग से संबंधित ग्राहकों की क्षेत्रीय समस्याओं को हल करने, किसी भी उत्पाद से संबंधित मुद्दों के लिए ल्यूब विनिर्माण संयंत्रों के लिए विशेषज्ञ तकनीकी सहायता प्रदान करना।<br>• टीम के सदस्यों को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करना, समय पर परियोजना का पूरा करना और उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए परियोजना की प्रगति की निगरानी करना।<br>• समग्र प्रयोगशाला प्रशासन, प्रयोगशाला उपकरण/ परीक्षण रिग के अनुरक्षण एवं रखरखाव तथा उत्पादों/ उपकरण संचालन/ लागू औद्योगिक सुरक्षा मानकों से संबंधित सुरक्षा पहलुओं में विशेषज्ञता।<br>• अनुमोदन, सहयोगात्मक अनुसंधान, अनुबंध और मेक इन इंडिया पहल के लिए प्रमुख भारतीय/ विदेशी ओईएम, रक्षा अनुसंधान संस्थानों, सीएसआईआर प्रयोगशालाओं, सरकारी प्राधिकरणों/ एजेंसियों के साथ बातचीत की अगुआई और पहल करना। |
| **3.** | **पद: उप महाप्रबंधक – विश्लेषणात्मक, वेतनमान (120000 -280000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव विश्लेषणात्मक क्षेत्र में होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• विश्लेषणात्मक क्षेत्र में उच्च योग्यता प्राप्त पेशेवरों की एक टीम का नेतृत्व करना।<br>• पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित विश्लेषणात्मक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियां संचालित करना, जिसमें उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों जैसे कि तत्व विश्लेषण (आईसीपी/ एईएस/एमएस), थर्मोकेमिकल स्पेक्ट्रोस्कोपी, एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी (एक्सआरडी, एक्सआरएफ, एक्सपीएस), क्रोमैटोग्राफिक तकनीक (एचपीएलसी और जीसी) आदि का उपयोग किया जाता है।<br>• विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों का उपयोग करके पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल एवं अन्य रिफाइनरी नमूनों के विश्लेषण के लिए नई विधियों का विकास करना।<br>• आंतरिक अनुसंधान परियोजनाएं क्रियान्वित करना तथा गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषणात्मक डेटा प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थापना को सक्षम बनाना। |

| | |
|---|---|
| | • आंतरिक एवं बाह्य ग्राहकों तथा सहयोगी साझेदारों के साथ अनुसंधान गतिविधियों का समन्वय करना।<br>• समस्या निवारण के लिए प्रचालनरत संयंत्रों को उन्नत अनुसंधान/ तकनीकी सेवाएं प्रदान करने में सहायता करना।<br>• रिपोर्टिंग स्टाफ को मार्गदर्शन/ प्रशिक्षण प्रदान करना तथा अधीनस्थों की कार्य प्रगति की निगरानी करना, ताकि सौंपी गई परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके। |
| **4.** | **पद: मुख्य प्रबंधक - वेतनमान (100000-260000)/ उप महाप्रबंधक - सौर ऊर्जा, वेतनमान (120000-280000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव सौर ऊर्जा आधारित प्रौद्योगिकियों/ संकेन्द्रित सौर ऊर्जा/ सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकियों/ सौर तापीय प्रौद्योगिकियों के विकास के क्षेत्र में होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• सौर ऊर्जा अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च योग्य पेशेवरों की एक टीम का नेतृत्व करना।<br>• ऊष्मा हस्तांतरण अनुप्रयोग के लिए संकेन्द्रित सौर ऊर्जा/ सौर फोटोवोल्टिक/ थर्मिक तरल पदार्थ से संबंधित क्षेत्रों में नई प्रक्रियाओं/ प्रौद्योगिकियों का विकास करना।<br>• सौर मॉड्यूल/ सेल निर्माण एवं मूल्यांकन करना।<br>• सौर तापीय सामग्री अनुसंधान, सौर तापीय प्रणालियां, प्रकाशीय सांद्रता ऊष्मा स्थानांतरण और तापीय भंडारण करना।<br>• सौर हाइड्रोजन उत्पादन, सौर तापीय, सौर पी.वी. मार्ग।<br>• रिपोर्टिंग स्टाफ को मार्गदर्शन/ प्रशिक्षण प्रदान करना तथा अधीनस्थों की कार्य प्रगति की निगरानी करना, ताकि सौंपी गई परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके।<br>• प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए परिष्कृत उपकरणों और प्रायोगिक संयंत्र खरीदना।<br>• आंतरिक एवं बाह्य ग्राहकों तथा सहयोगी साझेदारों के साथ अनुसंधान गतिविधियों का समन्वय करना। |
| **5.** | **पद: वरिष्ठ प्रबंधक - वेतनमान (90000-240000)/ मुख्य प्रबंधक – दहन अनुसंधान, वेतनमान (100000-260000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>दहन प्रौद्योगिकी/ फायर्ड हीटर, बर्नर या भट्टियों के डिजाइन और विकास के क्षेत्र में कार्य अनुभव होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• दहन अनुसंधान के क्षेत्र में उच्च योग्यता प्राप्त पेशेवरों की एक टीम का नेतृत्व करना।<br>• ईंधनों के दहन से संबंधित क्षेत्रों में नई दहन प्रौद्योगिकियों, डिजाइनों और योजकों का विकास करना। |

| | |
|---|---|
| | • स्वच्छ ईंधन/ जैव ईंधन का दहन, संभव डीकार्बोनाइजेशन दृष्टिकोण के साथ ऊर्जा कुशल दहन प्रणाली।<br>• रिपोर्टिंग स्टाफ को मार्गदर्शन/ प्रशिक्षण प्रदान करना तथा अधीनस्थों की कार्य प्रगति की निगरानी करना, ताकि सौंपी गई परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके।<br>• प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए परिष्कृत उपकरणों और प्रायोगिक संयंत्रों की खरीद करना।<br>• आंतरिक एवं बाह्य ग्राहकों तथा सहयोगी साझेदारों के साथ अनुसंधान गतिविधियों का समन्वय करना। |
| **6.** | **पद : वरिष्ठ प्रबंधक – उन्नत तकनीकी सेवाएँ, वेतनमान (90000-240000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>पेट्रोलियम/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में प्रौद्योगिकी/ तकनीकी सेवाओं, पेट्रोलियम/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न प्रक्रिया प्रौद्योगिकियों/ यूनिटों के प्रदर्शन की निगरानी और समस्या निवारण के क्षेत्र में कार्य अनुभव होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस प्राप्त प्रौद्योगिकियों के लिए उन्नत तकनीकी सेवाएं प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस प्राप्त यूनिटों के लिए कमीशनिंग और प्रदर्शन परीक्षण को समर्थन प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस-प्राप्त प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले ग्राहकों को कमीशनिंग के बाद तकनीकी सहायता/ समस्या निवारण सहायता प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस प्राप्त यूनिटों के प्रदर्शन की निगरानी करना।<br>• प्रौद्योगिकी सेवा समझौतों के अंतर्गत एचपीसीएल एवं संयुक्त उद्यम रिफाइनरियों को तकनीकी सहायता प्रदान करना। |
| **7.** | **पद: सहायक प्रबंधक- वेतनमान (70000-200000)/ प्रबंधक – बॉयो प्रोसेस वेतनमान (80000-220000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव बॉयो प्रोसेस/ आणविक जीव विज्ञान के क्षेत्र में होना चाहिए ।<br>अधिक प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• रिफाइनरी प्रक्रियाओं/ विकास बॉयो कैटेलिस्टों/ जैव ईंधनों में जैव प्रक्रियाओं के अनुप्रयोग के क्षेत्रों में अनुसंधान करना और निर्देशित करना।<br>• अत्याधुनिक प्रयोगशाला पैमाने पर किण्वक प्रणालियों के संचालन में मार्गदर्शन करना तथा जैव ईंधन के उत्पादन के लिए प्रयोगशाला पैमाने पर किण्वन प्रक्रिया को प्रायोगिक संयंत्र पैमाने पर लागू करना। |



| | |
|---|---|
| | • एचपीसीएल रिफाइनरियों में ईटीपी संयंत्रों के निष्पादन में सुधार के लिए औद्योगिक पैमाने पर मेम्ब्रेन पृथक्करण प्रक्रिया के माध्यम से ईटीपी के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाओं की पहचान करना और उन्हें कार्यान्वित करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में बॉयो प्रोसेस प्रयोगशाला के लिए सुविधाएं स्थापित करना।<br>• आंतरिक और बाह्य ग्राहकों तथा अन्य प्रासंगिक एजेंसियों के साथ अनुसंधान गतिविधियों में समन्वय स्थापित करना तथा सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करना। |
| **8.** | **पद : सहायक प्रबंधक - वेतनमान (70000-200000) / प्रबंधक – हाइड्रोजन, वेतनमान (80000-220000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>इलेक्ट्रोलाइजर सामग्रियों के विकास के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट/ प्रकाशन वाले उम्मीदवारों को भी वरीयता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• हाइड्रोजन अनुसंधान एवं विकास से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों का संचालन एवं क्रियान्वयन करना।<br>• इलेक्ट्रोलाइजर सामग्री और हाइड्रोजन भंडारण सामग्री से संबंधित 2-3 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करना ।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में हाइड्रोजन प्रयोगशाला के लिए प्रायोगिक संयंत्रों और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग करना।<br>• परिष्कृत यूनिटों, पायलट संयंत्रों और संश्लेषण सुविधाओं का संचालन करना।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का संचालन शिफ्टों में किया जाना चाहिए।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **9.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी (एस/जी – 'ए') वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक (एस/जी – 'बी') – नोवल सेपरेशन वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव प्रेशर स्विंग एडसोर्प्शन/ गैस अवशोषण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले और प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट और प्रकाशन रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• नोवल सेपरेशन प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से प्रेशर स्विंग एडसोर्प्शन/ गैस अवशोषण प्रौद्योगिकियों से संबंधित डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को शुरू करना और निष्पादित करना।<br>• अवशोषण, अवशोषण प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित 4-5 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करना। |


| | |
|---|---|
| | • अनुसंधान एवं विकास केंद्र में नोवेल सेपरेशन लैब के लिए प्रायोगिक संयंत्र और लैब उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग।<br>• स्वास्थ्य की निगरानी और आवधिक रखरखाव और अंशांकन के माध्यम से प्रायोगिक संयंत्र या प्रयोगशाला यूनिटों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का परिचालन शिफ्टों में करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **10.** | **पद: सहायक प्रबंधक - वेतनमान (70000-200000)/ प्रबंधक – उन्नत तकनीकी सेवाएं, वेतनमान (80000-220000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>पेट्रोलियम/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में प्रौद्योगिकी/तकनीकी सेवाओं, पेट्रोलियम/ पेट्रोकेमिकल क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न प्रोसेस प्रौद्योगिकियों/ यूनिटों के प्रदर्शन की निगरानी और समस्या निवारण के क्षेत्र में कार्य अनुभव होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस-प्राप्त प्रौद्योगिकियों के लिए उन्नत तकनीकी सेवाएं प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस-प्राप्त यूनिटों के लिए कमीशनिंग और प्रदर्शन परीक्षण को समर्थन प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस-प्राप्त प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने वाले ग्राहकों को कमीशनिंग के बाद तकनीकी सहायता/ समस्या निवारण में सहायता प्रदान करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास लाइसेंस-प्राप्त यूनिटों के प्रदर्शन की निगरानी करना।<br>• प्रौद्योगिकी सेवा समझौतों के अंतर्गत एचपीसीएल एवं संयुक्त उद्यम रिफाइनरियों को तकनीकी सहायता प्रदान करना। |
| **11.** | **पद: सहायक प्रबंधक - वेतनमान (70000-200000)/ प्रबंधक - उत्प्रेरक वेतनमान (80000-220000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव कैटेलिस्ट विकास, कैटेलिस्ट उन्नयन, कैटेलिस्ट विनिर्माण के क्षेत्र में होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, विशेष रूप से कैटेलिस्ट उन्नयन/ कैटेलिस्ट विनिर्माण में।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• अनुसंधान एवं विकास द्वारा विकसित कैटेलिस्ट के विस्तार से संबंधित गतिविधियों का निष्पादन करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में कैटेलिस्ट उन्नयन सुविधा के लिए संयंत्रों एवं उपकरणों की स्थापना एवं कमीशनिंग। |

| | |
|---|---|
| | • स्वास्थ्य की निगरानी और आवधिक रखरखाव और अंशांकन के माध्यम से संयंत्रों या यूनिटों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना।<br>• संयंत्र का परिचालन शिफ्टों में करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **12.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी - वेतनमान (60000-180000) / सहायक प्रबंधक- विश्लेषणात्मक वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित विश्लेषणात्मक विज्ञान के क्षेत्र में होना चाहिए।<br>अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित विश्लेषणात्मक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियां संचालित करना, जिसमें उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों जैसे तत्व विश्लेषण (आईसीपी/ एईएस/ एमएस), थर्मोकेमिकल स्पेक्ट्रोस्कोपी, एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोपी (एक्सआरडी, एक्सआरएफ, एक्सपीएस), क्रोमैटोग्राफिक तकनीक (एचपीएलसी और जीसी) आदि का उपयोग किया जाता है।<br>• विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों का उपयोग करके पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल एवं अन्य रिफाइनरी नमूनों के विश्लेषण के लिए नई विधियों का विकास करना।<br>• आंतरिक अनुसंधान परियोजनाओं का क्रियान्वयन करना तथा गुणवत्तापूर्ण एवं मात्रात्मक विश्लेषणात्मक डेटा उपलब्ध कराना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरण सुविधाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थापना में सहायता करना।<br>• आंतरिक और बाहरी ग्राहकों और सहयोगी भागीदारों के साथ अनुसंधान गतिविधियों का समन्वय करना।<br>• परिचालन संयंत्रों में समस्या निवारण के लिए उन्नत अनुसंधान/ तकनीकी सेवाएं प्रदान करने में सहायता करना। |


| | |
|---|---|
| **13.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक – बिटुमेन अनुसंधान वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव बिटुमेन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• नए बिटुमेन अनुसंधान से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को शुरू करना और निष्पादित करना,<br>• बिटुमेन फॉर्मूलेशन, बिटुमिनस उत्पादों के विकास और कम मूल्य वाली रिफाइनरी धाराओं को बिटुमेन में परिवर्तित करने की प्रक्रिया से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं में कार्य करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में बिटुमेन अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला उपकरणों और प्रायोगिक संयंत्रों की स्थापना और कमीशनिंग में भाग लेना। |
| | • परिष्कृत उपकरणों, प्रायोगिक संयंत्र का संचालन करना।<br>• कार्य को शिफ्टों में पूरा करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **14.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक - दहन अनुसंधान, वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>दहन प्रौद्योगिकी/ फायर्ड हीटर, बर्नर या भट्टियों के डिजाइन और विकास के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट/ प्रकाशन रखने वाले उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br>• दहन प्रौद्योगिकियों और विकास से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियां शुरू करना और निष्पादित करना।<br>• ईंधनों के दहन से संबंधित क्षेत्रों में नई दहन प्रौद्योगिकियों, डिजाइनों और योजकों से संबंधित 2-3 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में दहन अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए प्रायोगिक संयंत्रों और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग।<br>• स्वच्छ ईंधन/ जैव ईंधन का दहन, संभव डीकार्बोनाइजेशन दृष्टिकोण के साथ ऊर्जा कुशल दहन प्रणाली।<br>• परिष्कृत यूनिटों, प्रायोगिक संयंत्रों और संश्लेषण सुविधाओं का संचालन।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का संचालन शिफ्टों में किया जाना चाहिए।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |

| | |
|---|---|
| **15.** | **पद: सहायक प्रबंधक - वेतनमान (70000-200000) / प्रबंधक – जल अनुसंधान वेतनमान (80000-220000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>जल अनुसंधान/ जल शोधन एवं रिसाइकल प्रौद्योगिकी/ अपशिष्ट जल एवं औद्योगिक अपशिष्ट जल उपचार प्रक्रिया विकास के क्षेत्र में कार्य अनुभव होना चाहिए। अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• जल अनुसंधान के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को शुरु करना और क्रियान्वित करना।<br>• जल शुद्धिकरण, समुद्री जल विलवणीकरण, औद्योगिक एवं अपशिष्ट जल उपचार एवं रिसाइकल, अपशिष्ट जल से धातुओं के निष्कर्षण के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं में कार्य करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में जल अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला उपकरणों और प्रायोगिक संयंत्रों की स्थापना और कमीशनिंग में भाग लेना।<br>• परिष्कृत उपकरणों और प्रायोगिक संयंत्र का संचालन करना।<br>• कार्य को शिफ्टों में पूरा करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **16.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक- सौर ऊर्जा वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>ऊर्जा आधारित प्रौद्योगिकियों/ केंद्रित सौर ऊर्जा/ सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकियों के विकास के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट/ प्रकाशन रखने वाले उम्मीदवारों को भी वरीयता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और विकास से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को कार्यान्वित करना।<br>• सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, संकेन्द्रित सौर ऊर्जा, सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकियों से संबंधित 2-3 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करना।<br>• सौर मॉड्यूल/ सेल विशेषीकरण, परीक्षण और मूल्यांकन, प्रोसेसिंग और निर्माण।<br>• प्रकाशीय सांद्रता ऊष्मा स्थानांतरण और तापीय भंडारण के ज्ञान के साथ सौर तापीय सामग्री अनुसंधान और सौर तापीय प्रणाली स्थापना करना। |

| | |
|---|---|
| | • सौर तापीय तथा सौर पीवी दोनों मार्गों से सौर हाइड्रोजन उत्पादन और उपयोग।<br>• अनुसंधान एवं विकास  केंद्र में सौर अनुसंधान प्रयोगशाला के लिए प्रायोगिक संयंत्रों और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग।<br>• परिष्कृत यूनिटों, प्रायोगिक संयंत्रों और संश्लेषण सुविधाओं का संचालन करना।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का संचालन शिफ्टों में किया जाना चाहिए।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास  सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **17.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक - पेट्रोकेमिकल वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>स्टीम नेफ्था क्रैकर यूनिट/ पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट/ पॉलीइथिलीन यूनिट के लिए तकनीकी सेवाओं के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट/ प्रकाशन रखने वाले उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• पेट्रोकेमिकल प्रौद्योगिकियों से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को शुरू करना और निष्पादित करना।<br>• रिफाइनरियों में पेट्रोकेमिकल यूनिटों के लिए तकनीकी सेवाएं प्रदान करना।<br>• स्टीम नेफ्था क्रैकिंग/ पॉलीप्रोपाइलीन प्रौद्योगिकी/ पॉलीइथिलीन प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान से संबंधित 2-3 शोध परियोजनाओं में कार्य करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास  केंद्र में पेट्रोकेमिकल प्रयोगशाला के लिए प्रायोगिक संयंत्रों और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग।<br>• परिष्कृत यूनिटों, प्रायोगिक संयंत्रों का संचालन।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का संचालन शिफ्टों में किया जाना चाहिए।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास  सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |




| | |
|---|---|
| **18.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक – पॉलिमर कैटेलिसिस वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>अधिक प्रासंगिक अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, विशेष रूप से पॉलीओलेफिन्स और पॉलीओलेफिन्स के लिए कैटेलिस्ट प्रणाली के क्षेत्र में तथा प्रासंगिक क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में पेटेंट/ प्रकाशन रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• पेट्रोकेमिकल और पॉलिमर प्रक्रिया/ प्रौद्योगिकियों के विकास से संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को शुरू एवं निष्पादित करना, विशेष रूप से लिगैंड्स और कैटेलिस्ट संश्लेषण, विशेषीकरण, पॉलीओलेफिन और विशिष्ट एवं उच्च मूल्य पॉलिमर, मोनोमर्स संश्लेषण और शुद्धिकरण के लिए कैटेलिस्ट मूल्यांकन।<br>• पॉलिमर आधारित प्रक्रियाओं से संबंधित 2-3 अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य करना ।<br>• उच्च दबाव रिएक्टरों और श्लेंक लाइनों और वायु संवेदनशील लिगैंड्स और कैटेलिस्टों के संश्लेषण के लिए ग्लोव बॉक्स का संचालन करना।<br>• अनुसंधान एवं विकास केंद्र में पेट्रोकेमिकल्स एवं पॉलिमर्स प्रयोगशाला के लिए प्रायोगिक संयंत्रों एवं प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना एवं कमीशनिंग।<br>• परिष्कृत प्रायोगिक संयंत्रों/ बेंच-स्केल रिएक्टरों, विशेषीकरण यूनिटों का संचालन करना।<br>• प्रायोगिक संयंत्र का संचालन शिफ्टों में किया जाएगा।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |
| **19.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक – कैटेलिसिस वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव कैटेलिस्ट संश्लेषण/ पेट्रोलियम/ नवीन ऊर्जा क्षेत्रों से संबंधित विकास के क्षेत्र में होना चाहिए।<br>अधिक प्रासंगिक अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>रिफाइनरी प्रक्रियाओं से संबंधित डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियां संचालित करना, विशेष रूप से कैटेलिसिस, सामग्रियों के विकास, परिष्कृत भौतिक-रासायनिक तकनीकों द्वारा विशेषीकरण तथा कैटेलिटिक गुणों के मूल्यांकन के क्षेत्र में।<br>• नए कैटेलिस्टों के विकास और उनके व्यावसायीकरण के लिए अनुसंधान परियोजनाएं क्रियान्वित करना। |



| | |
|---|---|
| | • अनुसंधान एवं विकास केंद्र में कैटेलिसिस प्रयोगशाला के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थापना को सक्षम बनाना।<br>• आंतरिक एवं बाह्य ग्राहकों तथा सहयोगी साझेदारों के साथ अनुसंधान गतिविधियों का समन्वय करना।<br>• रिफाइनरी कैटेलिस्ट विकास में स्वतंत्र अनुसंधान कार्य करना तथा नए कैटेलिस्टों के विकास में भाग लेना।<br>• बेंच स्केल और माइक्रो-रिएक्टर सुविधाओं सहित अत्याधुनिक प्रयोगशाला उपकरणों का संचालन और रखरखाव करना।<br>• परिचालन संयंत्रों में समस्या निवारण के लिए उन्नत अनुसंधान/ तकनीकी सेवाएं प्रदान करने में सहायता करना। |
| **20.** | **पद: वरिष्ठ अधिकारी- वेतनमान (60000-180000)/ सहायक प्रबंधक - बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ वेतनमान (70000-200000)** |
| | **कार्य अनुभव/ कार्य की विशिष्टताएँ:**<br>• पेट्रोलियम रिफाइनरी/ अनुसंधान, पेट्रोकेमिकल यूनिटों में या पर्यवेक्षी/ कार्यकारी श्रेणी में पेट्रोलियम रिफाइनरी/ अनुसंधान, पेट्रोकेमिकल यूनिटों में बड़े और मध्यम आकार की परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाली परामर्श सेवा कंपनी में आईपी पेशेवरों (पेटेंट और ट्रेडमार्क दायर करने) के रूप में ऊपर वर्णित न्यूनतम 3/6 वर्ष का अनुभव (क्रमशः वरिष्ठ अधिकारी / सहायक प्रबंधकके लिए) आवश्यक है ।<br>• व्यावसायीकरण या आईपी मुद्रीकरण से संबंधित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी ।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों की पेटेंट योग्यता का आकलन करना और सलाह देना।<br>• पेटेंट आवेदनों का मसौदा तैयार करना/ ड्राफ्ट तैयार करने में सहायता करना तथा आवश्यकतानुसार भारत और विदेश में पेटेंट वकीलों के माध्यम से सीधे पेटेंट आवेदन दाखिल करना। पेटेंट दाखिल करने के लिए भुगतान की प्रक्रिया करना तथा निगरानी करना।<br>• पेटेंट खोज का संचालन करना और वैज्ञानिकों को खोज रिपोर्ट उपलब्ध कराना।<br>• दायर किए गए पेटेंटों का रिकॉर्ड रखना, तथा समय-समय पर की जाने वाली कार्रवाई, स्वीकृत पेटेंटों का रखरखाव करना।<br>• प्रबंधन द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना। |

| 21. | **पद: सहायक प्रबंधक - वेतनमान (70000-200000) / प्रबंधक - वेतनमान (80000-220000)**<br>**ल्यूब अनुसंधान (ऑटोमोटिव लूब्रिकेंट/ औद्योगिक लूब्रिकेंट/ विशेष लूब्रिकेंट/ ग्रीस)** |
|---|---|
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव ल्यूब अनुसंधान के क्षेत्र में होना चाहिए। ल्यूब अनुसंधान (ऑटोमोटिव और समुद्री लूब्रिकेंट/ औद्योगिक लूब्रिकेंट/ विशेष लूब्रिकेंट/ धातु कार्य द्रव/ ग्रीस/ जैव-लूब्रिकेंट/ योजक घटकों के आणविक संश्लेषण) में अधिक प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>• न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बाद का कार्य अनुभव ही प्रासंगिक माना जाएगा।<br>• अनुसंधान अनुभव संबंधित विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में होना चाहिए।<br>• जिन पदों के लिए पीएचडी अनिवार्य है, उनके लिए अनुभव की गणना पीएचडी अनुसंधान प्रबंध/ थीसिस का सफल डिफेंस प्रस्तुत करने की तिथि से की जाएगी । पीएचडी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अपने आवेदन/ बायोडाटा में पीएचडी का सफल डिफेंस प्रस्तुत करने की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है।<br>• पीएच.डी./ पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्त करने के दौरान किए गए अनुसंधान कार्य को कार्य अनुभव नहीं माना जाएगा।<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• उन्नत लूब्रिकेंट मूल्यांकन तकनीकों (आईसीपी-ओईएस/ईडी-एक्सआरएफ/डब्ल्यूडी-एक्सआरएफ/ एक्सआरडी/ एसईएम/ एक्सपीएस/एचपीएलसी/जीसी/आईसी/ऑटो टाइट्रेशन/टीजीए/डीएससी/ पीडीएससी/यूवीएफ/केमिल्यूमिनेसेंस आदि) और ट्रिबोलॉजिकल तकनीकों अर्थात फोर बॉल/ केआरएल/एसआरवी/टैपिंग टॉर्क/एमटीएम/ईएचडी/फ्रेटिंग वियर टेस्ट रिग/ रीचर्ट टेस्ट रिग आदि) का उपयोग करते हुए लूब्रिकेंट एवं ग्रीस तथा संबंधित क्षेत्रों में स्वतंत्र अनुसंधान गतिविधियां शुरू करना।<br>• नए उत्पादों का विकास/ किफायती फॉर्मूलेशन/ लूब्रिकेंट तेल और ग्रीस का विनिर्माण करना ।<br>• आंतरिक अनुसंधान एवं विकास/ सहयोगी परियोजनाओं की योजना बनाना और उनकी निगरानी करना तथा समय-सीमा के भीतर गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषणात्मक डेटा उपलब्ध कराना।<br>• ल्यूब और ग्रीस के क्षेत्र में भावी प्रमुख क्षेत्रों पर अनुसंधान, जिसमें स्थायी/ बायोडिग्रेडेबल लूब्रिकेंट/ नवीन लूब्रिकेंट योजक/ ऊर्जा कुशल लूब्रिकेंट/ विमानन जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सिंथेटिक लूब्रिकेंट/ ईवी/एच2आईसीई प्रौद्योगिकी के लिए लूब्रिकेंट शामिल हैं।<br>• लूब्रिकेंट मूल्यांकन के लिए परीक्षण रिग और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग करना।<br>• स्वास्थ्य की निगरानी और आवधिक रखरखाव तथा अंशांकन के माध्यम से परीक्षण रिग और प्रयोगशाला उपकरणों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना।<br>• उत्पादों के विस्तार एवं निष्पादन मूल्यांकन के लिए प्रायोगिक संयंत्रों/ डेमो यूनिटों का संचालन एवं रखरखाव करना।<br>• आवश्यकतानुसार शिफ्टों में कार्य करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |

| 22. | **पद: वरिष्ठ अधिकारी - ल्यूब अनुसंधान (ऑटोमोटिव लूब्रिकेंट/ औद्योगिक लूब्रिकेंट/विशेष लूब्रिकेंट/ ग्रीस) वेतनमान (60000-180000)** |
|---|---|
| | **कार्य अनुभव:**<br>कार्य अनुभव ल्यूब रिसर्च के क्षेत्र में होना चाहिए। ल्यूब रिसर्च (ऑटोमोटिव और समुद्री लूब्रिकेंट/ औद्योगिक लूब्रिकेंट/ विशेष लूब्रिकेंट/ धातु कार्य द्रव/ ग्रीस/ जैव-लूब्रिकेंट/ योजक घटकों के आणविक संश्लेषण) में अधिक प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>• न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बाद का कार्य अनुभव ही प्रासंगिक माना जाएगा।<br>• अनुसंधान अनुभव संबंधित विशेषज्ञता वाले क्षेत्र में होना चाहिए।<br>• जिन पदों के लिए पीएचडी अनिवार्य है, उनके लिए अनुभव की गणना पीएचडी अनुसंधान प्रबंध/ थीसिस का सफल डिफेंस प्रस्तुत करने की तिथि से की जाएगी। पीएचडी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अपने आवेदन/ रिज्यूमे में पीएचडी का सफल डिफेंस प्रस्तुत करने की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है।<br>• पीएच.डी./पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्त करने के दौरान किए गए अनुसंधान कार्य को कार्य अनुभव नहीं माना जाएगा।<br><br>**वरिष्ठ अधिकारी के लिए पीएचडी उम्मीदवारों के लिए अनुभव लागू नहीं है।**<br><br>**कार्य का विवरण:**<br>• उन्नत लूब्रिकेंट मूल्यांकन तकनीकों (आईसीपी-ओईएस/ईडी-एक्सआरएफ/डब्ल्यूडी- एक्सआरएफ/ एक्सआरडी/ एसईएम/ एक्सपीएस/एचपीएलसी/जीसी/आईसी/ऑटो टाइट्रेशन/टीजीए/डीएससी/ पीडीएससी/यूवीएफ/केमिल्यूमिनेसेंस आदि) और ट्रिबोलॉजिकल तकनीकों अर्थात फोर बॉल/ केआरएल/एसआरवी/टैपिंग टॉर्क/एमटीएम/ईएचडी/फ्रेटिंग वियर टेस्ट रिग/ रीचर्ट टेस्ट रिग आदि) का उपयोग करते हुए लूब्रिकेंट एवं ग्रीस तथा संबंधित क्षेत्रों में स्वतंत्र अनुसंधान गतिविधियां शुरू करना।<br>• नए उत्पादों का विकास/ किफायती प्रभावी फॉर्मूलेशन/ लूब्रिकेंट तेल और ग्रीस के लिए विनिर्माण।<br>• आंतरिक अनुसंधान एवं विकास/ सहयोगी परियोजनाओं की योजना बनाना और उनकी निगरानी करना तथा समय-सीमा के भीतर गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषणात्मक डेटा उपलब्ध कराना।<br>• ल्यूब और ग्रीस के क्षेत्र में भावी प्रमुख क्षेत्रों पर अनुसंधान, जिसमें स्थायी/ बायोडिग्रेडेबल लूब्रिकेंट/ नवीन लूब्रिकेंट योजक/ ऊर्जा कुशल लूब्रिकेंट/ विमानन जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सिंथेटिक लूब्रिकेंट/ ईवी/ एच2आईसीई प्रौद्योगिकी के लिए लूब्रिकेंट शामिल हैं।<br>• लूब्रिकेंट मूल्यांकन के लिए परीक्षण रिग और प्रयोगशाला उपकरणों की स्थापना और कमीशनिंग।<br>• स्वास्थ्य की निगरानी और आवधिक रखरखाव तथा अंशांकन के माध्यम से परीक्षण रिग और प्रयोगशाला उपकरणों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना।<br>• उत्पादों के विस्तार एवं निष्पादन मूल्यांकन के लिए प्रायोगिक संयंत्रों/ डेमो यूनिटों का संचालन एवं रखरखाव करना।<br>• आवश्यकतानुसार शिफ्टों में कार्य करना।<br>• सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं का रखरखाव और संचालन करना। |



## अन्य निबंधन एवं शर्तें

- उपर्युक्त सभी पदों के लिए, उम्मीदवारों को स्नातक के साथ-साथ स्नातकोत्तर में न्यूनतम 60% अंक (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए 50%) प्राप्त करना चाहिए।
- प्रासंगिक शाखा में एम.ई/एम.टेक, बी.ई/बी.टेक या एम.एससी के बाद पीएचडी धारकों के लिए पात्रता पीएचडी होगी।
- एकीकृत पीएचडी वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को पीएचडी डिग्री के साथ मास्टर डिग्री योग्यता प्रस्तुत करनी होगी।
- रसायन विज्ञान के अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में पीएचडी के लिए, पीएचडी की प्रासंगिकता विषय विशेषज्ञ द्वारा तय की जाएगी।
- सभी कार्य अनुभव पर्यवेक्षी/ कार्यकारी क्षमता में होना चाहिए।
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बाद के कार्य अनुभव को ही प्रासंगिक माना जाएगा।
- उन पदों के लिए जहां पीएचडी अनिवार्य है, अनुभव की गणना पीएचडी अनुसंधान निबंध/ थीसिस का डिफेंस सफलतार्वूक प्रस्तुत करने की तिथि से की जाएगी। पीएचडी योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अपने आवेदन/ बायोडाटा में पीएचडी का डिफेंस सफलतार्वूक प्रस्तुत करने की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है।
- पीएचडी प्राप्त करने के दौरान किए गए अनुसंधान कार्य को कार्य अनुभव नहीं माना जाएगा।
- स्वायत्त संस्थानों/ विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू/ यूजीसी/एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित/ मान्यता-प्राप्त प्रासंगिक पाठ्यक्रमों के समकक्ष होने चाहिए।
- अनुसंधान अनुभव प्रासंगिक विशेष क्षेत्र में होना चाहिए।

## शॉर्टलिस्टिंग और चयन प्रक्रिया

चयन प्रक्रिया में पद की आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न चयनित टूल जैसे कंप्यूटर आधारित परीक्षण, समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे।

आवेदन की जांच, अपलोड किए गए दस्तावेजों और श्रेणी-वार और विषय-वार मेरिट सूची के सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों पर आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा। आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, आगे की चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए कॉर्पोरेशन शॉर्टलिस्टिंग के मानदंड अपनाएगा। शॉर्टलिस्टिंग मानदंड किसी भी या सभी मानदंडों पर आधारित होगा अर्थात् अधिक प्रासंगिक अनुभव, उच्च योग्यता, पेटेंटों की संख्या (जहां भी लागू हो)/ प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन, आदि। सभी मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर, उम्मीदवारों को एकल चरणीय या बहु-चरणीय साक्षात्कार से गुज़रना होगा।

चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग का विस्तृत मानदंड हमारी वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना बायोडाटा अपलोड करें जिसमें (क) शिक्षा विवरण जैसे 10वीं कक्षा के बाद की शैक्षिक योग्यता, उत्तीर्ण होने का वर्ष, प्राप्त अंक, संस्थान इत्यादि, (ख) विस्तृत कार्य अनुभव, (ग) दायर और अलग से प्रदान किए गए पेटेंटों की सूची, (घ) प्रभाव कारक के साथ पत्रिकाओं में प्रकाशनों की सूची, (ड.) पुस्तकों/ पुस्तक

अध्यायों की सूची (च) राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत पत्रों की सूची (छ) समग्र उद्धरण और 'एच' सूचकांक जहां भी लागू हो।

"इसके अलावा, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे पेटेंट/ प्रकाशन, पत्रिका, प्रभाव कारक आदि से संबंधित ग्रंथसूची संबंधी जानकारी का विवरण देते हुए नीचे दिए गए प्रारूप को भरें। **यह नोट किया जाए कि यदि विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रदान नहीं किया जाता है, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा और आगे उस पर विचार नहीं किया जाएगा। यह भी नोट किया जाए कि निर्धारित प्रारूप में सभी कॉलम में सटीक डेटा प्रदान किया जाना चाहिए"**

| उम्मीदवार का नाम | प्रकाशन/ पेटेंट शीर्षक | पत्रिका का नाम/ पेटेंट संख्या (प्रदान किया गया) | प्रकाशन वर्ष | मात्रा निर्गम | प्रभाव कारक (2023) | लेखकों की सूची (प्रकाशन में दिए गए क्रम के अनुसार) | प्रथम लेखक (या प्रकाशन में श्रेय दिए जाने पर समान योगदान) (हां/नहीं) | डीओआई | लेखक प्रोफ़ाइल/ ग्रंथसूची लिंक (गूगल स्कॉलर/ स्कोपस आदि) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

एक श्रेणी-वार योग्यता सूची (न्यूनतम योग्यता अंक: यूआर और ईडब्ल्यूएस के लिए 60%, ओबीसीएनसी/ अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी के लिए 54%) सभी चयन मापदंडों में अर्हता प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए तैयार की जाएगी।

***टिप्पणी: कंप्यूटर आधारित टेस्ट (यदि लागू हो) के लिए पाठ्यक्रम, शॉर्टलिस्टिंग पद्धति (यदि लागू हो), चयन प्रक्रिया से संबंधित विवरण चयन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हमारी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे।***

## परिलब्धियां

| पदनाम | वेतनमान* | कंपनी की अनुमानित लागत (सीटीसी) |
|---|---|---|
| वरिष्ठ अधिकारी | 60000-180000 | रु. 20.79 लाख |
| सहायक प्रबंधक | 70000-200000 | रु. 25.10 लाख |
| प्रबंधक | 80000-220000 | रु. 28.69 लाख |
| वरिष्ठ प्रबंधक | 90000-240000 | रु. 33.35 लाख |
| मुख्य प्रबंधक | 100000-260000 | रु. 38.26 लाख |
| उप महाप्रबंधक | 120000-280000 | रु. 47.35 लाख |
| महाप्रबंधक | 120000-280000 | रु. 47.35 लाख |

* उम्मीदवार को वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर नियुक्त किया जाएगा।

टिप्पणी: - उल्लिखित सीटीसी की गणना वेतन ग्रेड के न्यूनतम आधार स्तर पर की गई है और इसमें मूल वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, महंगाई भत्ता, एचआरए और कैफेटेरिया भत्ता शामिल है। इसमें कार्य-निष्पादन संबंधित वेतन (अधिकतम परिकलित) भी शामिल है, जो कई कारकों पर निर्भर है और कॉर्पोरेशन की नीति के अनुसार देय है। कृपया यह नोट किया जाए कि सेवानिवृत्ति लाभ उस समय प्रचलित कॉर्पोरेशन की नीति के अनुसार पृथक्ककरण /सेवानिवृत्ति पर स्वीकार्य हैं। सीटीसी मेट्रो शहरों में तैनात उम्मीदवारों के लिए है और अन्य स्थानों के लिए यह भिन्न हो सकता है।

***अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों या सरकारी संगठनों से शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए वेतन सुरक्षा (मूल + महंगाई भत्ता) दी जाएगी।***

***टिप्पणी:***

क) सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ प्राप्त करने के लिए अधिवर्षिता की तिथि पर न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा आवश्यक है।

ख) समान पद अधिवर्षिता पेंशन और चिकित्सा लाभ योजना वाले अन्य सीपीएसयू से शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ब्याज सहित नियोक्ता और कर्मचारी के अंशदान की पूरी राशि जमा करने पर लाभ जारी रखने पर विचार किया जाएगा। किसी अन्य मामले में सेवानिवृत्ति के बाद लाभ जारी रखने पर विचार नहीं किया जाएगा।

## रोजगार पूर्व चिकित्सा परीक्षा


उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि उम्मीदवार कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट है। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एचपीसीएल द्वारा नामित/ पैनल किए गए अस्पतालों में अपनी रोजगार-पूर्व मेडिकल जांच करवानी होगी। एचपीसीएल के मुख्य चिकित्सा सलाहकार द्वारा मेडिकल फिटनेस पर लिया गया निर्णय अंतिम और उम्मीदवार के लिए बाध्यकारी होगा। चिकित्सा जांच के लिए रेफरेंस का अर्थ अंतिम चयन नहीं है। रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच के मानक एचपीसीएल कॉर्पोरेट वेबसाइट (www.hindustanpetroleum.com/careers) पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले सुनिश्चित करें कि वे एचपीसीएल के रोजगार-पूर्व चिकित्सा जांच मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट हैं।

## पदस्थापना/ तैनाती

प्रारंभिक तैनाती/ कार्य एचपीसीएल ग्रीन अनुसंधान एवं विकास सेंटर, बेंगलुरु में है। इसके बाद सेवाएं देश में किसी भी स्थान पर कॉर्पोरेशन की आवश्यकता के अनुसार स्थानांतरणीय होंगी। इन पदों में शिफ्ट ड्यूटी में काम करना शामिल हो सकता है। चयनित उम्मीदवारों को भारत या विदेश में भारत सरकार के किसी सहायक/ संयुक्त उद्यम या किसी भी विभाग में तैनात किया जा सकता है/ कार्यभार सौंपा जा सकता है।

## परिवीक्षा

परिवीक्षा: चयनित अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 1 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। परिवीक्षा अवधि के सफल समापन पर, अधिकारी को कंपनी की नीति के अनुसार स्थायीकरण के लिए विचार किया जाएगा।



## आरक्षण, रियायतें और छूट


क. अ.जा., अ.ज.जा., ओबीसीएनसी, ईडब्ल्यूएस और पीडब्ल्यूबीडी (बेंचमार्क दिव्यांगजन - 40% या उससे अधिक की अक्षमता की श्रेणी वाले व्यक्ति) के लिए पदों का आरक्षण सरकारी निर्देशों के अनुसार है। आरक्षण आर.के. सभरवाल बनाम पंजाब राज्य के सांविधिक दिशानिर्देशों और निर्णय के अनुसार है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 02.07.1997 के का.ज्ञा. सं. 36012/2/96-स्था.(आर.) द्वारा रिक्ति आधारित रोस्टर को पद आधारित रोस्टर से बदल दिया गया है। नीचे दिए गए आरक्षण पर मौजूदा श्रेणीवार कैडर शक्ति, संबंधित श्रेणियों में अधिकता/ कमी और विज्ञापित रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए विचार किया गया है।

ख. अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति के लिए नामित प्राधिकारी से निर्धारित प्रोफार्मा (प्रारूप केवल एचपीसीएल वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है) में एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें स्पष्ट रूप से उम्मीदवार की जाति दर्शाई गई हो, अधिनियम/ आदेश जिसके तहत जाति को अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है और उम्मीदवार आम तौर पर जिस गांव/नगर का निवासी है। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी जाति/ समुदाय का नाम और उनकी जाति/ समुदाय प्रमाण-पत्र में इसकी वर्तनी ठीक वैसी ही होनी चाहिए, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित सूचियों में उल्लिखित है (ओबीसीएनसी श्रेणी के लिए भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सूची में ओबीसी जातियों के रूप में मान्यता-प्राप्त जातियों की सूची http://www.ncbc.nic.in साइट पर उपलब्ध है, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए प्रत्येक राज्य के लिए जातियों की सूची www.ncst.nic.in साइट पर उपलब्ध है और अनुसूचित जाति के लिए प्रत्येक राज्य के लिए जातियों की सूची http://www.socialjustice.nic.in साइट पर उपलब्ध है)। जाति के नाम में किसी भी भिन्नता वाले प्रमाण-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, ओबीसी प्रमाण-पत्र में यह भी स्पष्ट रूप से इंगित होना चाहिए कि उम्मीदवार केंद्र सरकार के तहत पदों और सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए भारत सरकार द्वारा परिभाषित क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है।

ग. किसी उम्मीदवार का ओबीसी दावा उस राज्य (या राज्य के हिस्से) के संबंध में निर्धारित किया जाएगा जिससे उसके पिता मूल रूप से संबंधित हैं। कोई उम्मीदवार जो एक राज्य (या राज्य के हिस्से) से दूसरे राज्य में स्थानांतरित हो गया है, इसलिए, उसे एक ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जो उसे उसके पिता के ओबीसी प्रमाण-पत्र के आधार पर उस राज्य से जारी किया जाना चाहिए जहां वह (पिता) मूल रूप से संबंधित है।

घ. कोई व्यक्ति जो पीडब्ल्यूबीडी आरक्षण के छूट मानकों का लाभ उठाना चाहता है, उसे आरपीडब्ल्यूबीडी अधिनियम, 2016 में निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा, अधिसूचना सं.: 38-16/2020-डीडी-III–दिनांक 04/01/2021 के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पदों/ विषयों की सूची जिसमें पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं, रिक्तियों के विरुद्ध दी गई है। इन रिक्तियों में नियुक्ति का प्रस्ताव पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को कार्य, स्थान, जोखिम, तनाव और अन्य तथ्यों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की प्रकृति पर विचार करने के बाद किया जाएगा, यह भी विचार किया जाएगा कि स्थिति द्वारा उम्मीदवार की उचित दक्षता और स्वास्थ्य की संभावित गिरावट के बिना पद के कर्तव्यों के निष्पादन को प्रभावित करने की संभावना नहीं है। अंतिम नियुक्ति चिह्नित पद के जॉब प्रोफाइल के संबंध में उम्मीदवार की चिकित्सा योग्यता पर आधारित होगी।

ङ. ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए, आय और संपत्ति प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वैध होगा और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आय और संपत्ति सत्यापन के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए।



उपर्युक्त प्रमाण-पत्र में जाति का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। जाति का नाम जैसे "जनरल/ सामान्य आदि" पर्याप्त नहीं होगा। प्रमाण-पत्र पर आवेदक की तस्वीर विधिवत चिपकाई जानी चाहिए, जारी करने वाले प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और मुहर लगी होनी चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों द्वारा साक्षात्कार के समय (यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है) 'आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत किया जाएगा। 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करने के लिए दिए गए समय के बाद कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि उम्मीदवार साक्षात्कार में यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, उन्हें सामान्य श्रेणी के तहत साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

च. अ.जा. और अ.ज.जा. के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष, ओबीसीएनसी के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (यूआर) के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी (ओबीसीएनसी) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी (अ.जा./अ.ज.जा.) उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष की छूट है।

छ. 01.01.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर में अधिवासित उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है।

ज. सशस्त्र बलों में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा प्रदान करने और भारत सरकार द्वारा निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करने के अधीन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशंड अधिकारियों (ईसीओ/ एसएससीओ सहित) के लिए अधिकतम आयु में 5 वर्ष की छूट लागू है।

झ. आवेदकों की अधिकतम आयु सभी संभावित आयु छूटों सहित 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

ञ. ओबीसी उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, वे ओबीसीएनसी उम्मीदवारों को स्वीकार्य रियायत के लिए पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी अनारक्षित (यूआर) के रूप में दर्शानी होगी।

ट. इसके अलावा, ओबीसीएनसी उम्मीदवारों को डीओपीटी के दिनांक 08.09.1993 के ज्ञापन सं. 36012/22/93-विस्तार (एससीटी) के अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय एक स्व-वचनपत्र, यदि कहा जाता है, देना होगा जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि वे ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित हैं।

ठ. अ.जा., अ.ज.जा., ओबीसी-एनसी, पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए मूल्यांकन/ चयन, कंप्यूटर आधारित टेस्ट, ग्रुप टास्क, व्यक्तिगत साक्षात्कार और कुल मिलाकर (टेस्ट, ग्रुप टास्क और व्यक्तिगत साक्षात्कार, जो भी लागू हो) में छूट वाले मानक लागू होंगे।

ड. यदि अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी-एनसी/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र अंग्रेजी/ हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो उम्मीदवारों को अंग्रेजी या हिंदी में स्वयं प्रमाणित अनुवादित प्रति जमा करनी होगी।

ढ. एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद श्रेणी (यूआर/ ईडब्ल्यूएस/ अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी-एनसी/ पीडब्ल्यूबीडी) में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और तदनुसार लागू रियायत/ छूट को बढ़ाया नहीं जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन-पत्र भरते समय श्रेणी का उल्लेख अत्यंत सावधानी से करें।

ण. इसके अलावा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की दिनांक 29/07/2015 की अधिसूचना सं.: 16-15/2010 डीडी.III के अनुसार, पदों/ विषयों की सूची, जिसमें पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार इस भर्ती अभियान के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं, नीचे दी गई है।

| पद | दिव्यांगजन पात्रता |
|---|---|
| सभी पद | एचएच. ओए. ओएल. डीडब्ल्यू. एएवी. एसएलडी. एमआई. एकाधिक विकलांगता (नीचे दिए गए संयोजनों में से कोई भी) |
| प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर: बी=दृष्टिहीन, एलवी=कम दृष्टि, एचएच=सुनने में कठिनाई, ओए=एक भुजा, ओएल=एक पैर, बीए=दोनों भुजाएँ, बीएल=दोनों पैर, ओएएल=एक भुजा और एक पैर, बीएलओए=दोनों पैर और एक हाथ, बीएलए=दोनों पैर और भुजाएँ, सीपी=मस्तिष्क पक्षाघात, एलसी= उपचारित कुष्ठ रोग, डीडब्ल्यू=बौनापन, एएवी=एसिड हमला पीड़ित, एसएलडी=विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, एमआई=मानसिक बीमारी, एमडी=एकाधिक दिव्यांगता | |

## आवेदन प्रक्रिया

क. 5 जून 2024 को 0900 बजे से 20 जुलाई 2024 को 2359 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

ख. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विस्तृत विज्ञापन पढ़ने के बाद केवल **www.hindustanpetroleum.com** करियर → करेंट ओपनिंग्स पर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन का कोई अन्य माध्यम/ तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ग. अधूरे/ गलत विवरण वाले या निर्धारित प्रारूप में न भरे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। जैसा कि शॉर्टलिस्टिंग और चयन प्रक्रिया में उल्लेख किया गया है, अनुसंधान एवं विकास पदों के लिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पेटेंट/ प्रकाशन, पत्रिका, प्रभाव कारक आदि से संबंधित ग्रंथ सूची संबंधी जानकारी का विवरण ऑनलाइन निर्धारित प्रारूप में भरें। **यह नोट किया जाए कि यदि विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रदान नहीं किए जाते हैं, तो आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा और आगे उस पर विचार नहीं किया जाएगा। यह भी नोट किया जाए कि निर्धारित प्रारूप में सभी कॉलम में सटीक डेटा भरा जाना चाहिए।**

घ. ऑनलाइन आवेदन में दिया गया ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष तक वैध रहना चाहिए। उम्मीदवारों को अपने नाम से बनाए गए उचित ई-मेल आईडी का उपयोग करना चाहिए। छद्म/ नकली ई-मेल आईडी वाले आवेदनों पर कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।


ङ. ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

च. किसी भी कारण से आवेदन शुल्क के साथ अधूरा आवेदन जमा करने की स्थिति में, उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। इस पर आगे कोई पत्राचार/ विचार नहीं किया जाएगा।

छ. उम्मीदवारों को एचपीसीएल द्वारा सलाह के अनुसार निर्धारित समय के भीतर शॉर्टलिस्टिंग/ चयन प्रक्रिया के दौरान पात्रता के दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे। आवेदन-पत्र में दिए गए डेटा से नाम, योग्यता, अन्य मानदंडों के दस्तावेजों में कोई भी विसंगति किसी भी स्तर पर अयोग्यता का कारण बन सकती है।

ज. विभिन्न पदों के लिए सीबीटी/ साक्षात्कार एक ही दिन/ सभी पदों के लिए अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जा सकते हैं।

झ. सीबीटी/ साक्षात्कार के लिए स्थान/ तारीख में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।



## आवेदन शुल्क

क. आवेदन शुल्क सभी पदों पर लागू है।

ख. अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

ग. यूआर, ओबीसीएनसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को ₹1180/- + भुगतान गेटवे शुल्क यदि कोई हो, की अप्रतिदेय राशि (आवेदन शुल्क ₹1000/- + जीएसटी @18% अर्थात् ₹180/- + भुगतान गेटवे शुल्क, यदि लागू हो) का भुगतान करना होगा ।

घ. भुगतान का प्रकार: डेबिट/ क्रेडिट कार्ड/ यूपीआई/ नेट बैंकिंग: ऑनलाइन आवेदन शुल्क का भुगतान करने पर, शुल्क की सफल प्राप्ति पर भुगतान की स्थिति स्वचालित रूप से "आपका लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है" में बदल जाएगी।

ङ. सभी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि भुगतान की स्थिति "पूर्ण" है क्योंकि किसी अन्य भुगतान स्थिति के मामले में लेनदेन को "अधूरा" माना जाएगा। एक बार भुगतान हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को भुगतान की रसीद का प्रिंट लेना होगा और भविष्य के संदर्भ के लिए इसे संभाल कर रखना होगा।

च. ऊपर उल्लिखित के अलावा भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छ. एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। साथ ही, चार्जबैक का दावा किसी भी कारण से नहीं किया जा सकता है।

ज. भुगतान किया जा रहा शुल्क केवल आवेदन जमा करने के लिए है और यह किसी भी तरह से साक्षात्कार हेतु कॉल लेटर आदि जारी किए जाने की गारंटी नहीं देता है।

## सामान्य अनुदेश

क. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

ख. आयु/ प्रासंगिक अनुभव आवश्यकता/ योग्यता की सभी गणना ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात् **20 जुलाई 2024** के आधार पर की जाएगी।

ग. मेल के विषय को "पद का नाम - आवेदन संख्या" के रूप में प्रारूपित रखते हुए प्रश्नों को careers@hpcl.in पर ई-मेल किया जा सकता है।

घ. सभी योग्यताएं एआईसीटीई अनुमोदित/ यूजीसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय/ मानित विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम होने चाहिए। स्वायत्त संस्थानों द्वारा पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रम एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू/ यूजीसी/ एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित/ मान्यता-प्राप्त प्रासंगिक पाठ्यक्रमों के समकक्ष होने चाहिए।

ङ. जहां-कहीं भी योग्यता डिग्री में सीजीपीए/ ओजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के समकक्ष प्रतिशत को आवेदन-पत्र में दर्शाया जाना चाहिए। कृपया विश्वविद्यालय/ संस्थान से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र भी प्राप्त करें जो साक्षात्कार के समय आवश्यक होगा।

च. **शैक्षणिक संस्थान में अनुसंधान अनुभव (पीएचडी/ एम.टेक/ पात्र योग्यता पूरी करने के बाद) को भी प्रासंगिक उद्योगों में कार्य अनुभव के अलावा प्रासंगिक कार्य अनुभव माना जाएगा।**

छ. चयनित आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और प्रमाणपत्र/ प्रशंसापत्र, चिकित्सा योग्यता आदि के बाद के सत्यापन के अधीन होगी।

ज. उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से यह घोषित करना होगा (यदि उन्हें बाद के चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है) कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उन पर मुकदमा चलाया गया है, उन्हें हिरासत में रखा गया है या जुर्माना लगाया गया है, किसी भी अपराध के लिए कानून की अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया है, किसी भी लोक सेवा आयोग द्वारा उनकी परीक्षा में बैठने से वंचित/ अयोग्य घोषित किया गया है। सीबीटी में केवल शॉर्टलिस्ट होने से साक्षात्कार का अधिकार नहीं मिलता है और कॉर्पोरेशन को उनके प्रत्यय-पत्रों/ घोषणाओं के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों को बुलाने का अधिकार सुरक्षित है।

**ऑनलाइन फॉर्म में उल्लिखित सभी विवरण अंतिम माने जाएंगे और बाद में किसी भी बदलाव के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित क्षेत्रों में सही प्रविष्टियाँ करते हुए ऑनलाइन फॉर्म को अत्यंत सावधानी से भरें। एक बार प्रस्तुत किए गए आवेदन को बाद में किसी भी संपादन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।**

झ. चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव में उल्लिखित तिथि को संगठन में कार्यभार ग्रहण करना होगा, अन्यथा संगठन को उम्मीदवारों से किसी भी पत्राचार/ संदर्भ के बिना नियुक्ति प्रस्ताव को रद्द/ वापस लेने का अधिकार होगा।

ञ. कंप्यूटर आधारित परीक्षा, समूह कार्य और/या साक्षात्कार के लिए प्रवेश-पत्र आदि की हार्ड कॉपी अभ्यर्थियों को नहीं भेजी जाएगी। अभ्यर्थियों को एचपीसीएल की वेबसाइट से इसे डाउनलोड करना होगा।

ट. रिक्तियों की कुल संख्या और आरक्षित रिक्तियां अनंतिम हैं और कॉर्पोरेशन की व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर ये बढ़/ घट सकती है। एचपीसीएल को चयन के किसी भी चरण में विज्ञापित किसी भी पद या सभी पदों को न भरने का अधिकार होगा।

ठ. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर जाकर चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर अपडेट रहें। उम्मीदवार कृपया नोट करें कि भर्ती अभियान के दौरान एचपीसीएल के किसी भी अधिकारी से व्यक्तिगत कॉल और/ या बातचीत करने की सलाह नहीं दी जाती है, सिवाय जब बहुत ज़रूरी/महत्वपूर्ण हो।

ड. एचपीसीएल अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी या संपर्क नंबर के कारण भेजे गए ई-मेल या किसी अन्य पत्राचार के खो जाने/ नहीं पहुंचने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ढ. एचपीसीएल को उस क्षेत्र/ केंद्र में प्रतिक्रिया के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र/व्यक्तिगत साक्षात्कार केंद्र को रद्द करने या जोड़ने का अधिकार होगा।

ण. कॉर्पोरेशन बिना किसी पूर्व सूचना के तथा बिना कोई कारण बताए इसके अंतर्गत भर्ती/ चयन प्रक्रिया को रद्द/ प्रतिबंधित करने/ घटाने/ बढ़ाने का अधिकार भी होगा।

त. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे केवल एक ही आवेदन जमा करें। यदि किसी उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक

आवेदन किए जाते हैं, तो सबसे बाद वाले आवेदन को अंतिम माना जाएगा तथा पहले के आवेदनों को बिना किसी सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा।

थ. वर्तमान में सरकारी विभागों/ पीएसयू/ सरकार के स्वामित्व वाली स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित प्रक्रिया के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय मूल हार्ड कॉपी में अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उन्हें समूह कार्य और व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

द. उम्मीदवारों (अंतिम वर्ष के डिग्री छात्रों को छोड़कर) के पास आवेदन के समय सभी लागू डिग्री प्रमाणपत्र और मार्कशीट होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। जिन पदों के लिए अनुभव अनिवार्य है, उनके लिए विज्ञापन के अनुसार योग्यता डिग्री पूरी करने के बाद प्रासंगिक कार्य अनुभव की गणना की जाएगी।

ध. अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, नियुक्ति इस अधिसूचना के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करने के अधीन होगी।

न. सभी आवेदकों को पद की आवश्यक आवश्यकताओं और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करना होगा। उन्हें आवेदन करने से पहले खुद को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है। पात्रता के बारे में सलाह मांगने वाली किसी भी जांच पर विचार नहीं किया जाएगा।

प. उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें, ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग ऑन करने में कनेक्शन कटने/ असमर्थता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

फ. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट के लिए स्लीपर क्लास रेल किराया और साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए सबसे छोटे मार्ग से बाहरी स्थानों के लिए थर्ड एसी के किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी, बशर्ते यात्रा की गई दूरी 30 कि.मी. से कम न हो। डाक पते से निकटतम केंद्र के अलावा अन्य परीक्षा केंद्र का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को यात्रा किराया प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को एचपीसीएल की वेबसाइट पर विस्तृत रूप से यात्रा भत्ता (टीए) फॉर्म भरना होगा और यात्रा के लिए यात्रा प्रमाण के साथ इसे जमा/ अपलोड करना होगा। यात्रा भत्ता ऑनलाइन मोड से प्रोसेस किया जाएगा। यह प्रतिपूर्ति उन उम्मीदवारों को नहीं की जाएगी जो पहले से ही केंद्र/ राज्य सरकार की सेवाओं/ पीएसयू में कार्यरत हैं।

ब. अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में व्याख्या के कारण किसी भी अस्पष्टता या विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**गलत/ झूठी जानकारी देने या किसी भी तथ्य को छिपाने को अयोग्यता माना जाएगा और एचपीसीएल ऐसी गलत/ झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। चूंकि सभी आवेदनों की दस्तावेजी साक्ष्य के बिना जांच की जाएगी, इसलिए उम्मीदवारों को स्वयं को उस पद की पात्रता पूरी करने के लिए संतुष्ट करना होगा जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं। यदि भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने गलत या झूठी जानकारी दी है या वह पात्रता के किसी भी मापदंड के संबंध में अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि पात्रता मापदंडों के संबंध में उपर्युक्त विसंगतियों में से कोई भी, गलत/**

झूठी जानकारी देने और या किसी भी तथ्य को छिपाने का पता नियुक्ति के बाद भी चलता है, तो उसकी सेवाएं बिना किसी और नोटिस के समाप्त की जा सकती हैं। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में प्रचार करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र मुम्बई होगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि सभी आवेदन केवल हमारे ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं और एचपीसीएल द्वारा किसी भी एजेंसी/ व्यक्ति को आउटसोर्स नहीं किया जाता है। आवेदकों को ऐसी धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।

कोई भी अन्य शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट केवल हमारी वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com पर अपलोड किया जाएगा।

